# औद्योगिक उत्पादन चार फीसदी बढ़ा, खनन क्षेत्र में अच्छी वृद्धि

नई दिल्ली। खनन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश का औद्योगिक उत्पादन अगस्त में चार फीसदी बढ़ गया। जुलाई के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक वृद्धि दर को संशोधित कर 4.3 फीसदी किया गया था, जबकि पहले अनुमान 3.5 फीसदी था। अगस्त 2024 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि स्थिर रही थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 6 फीसदी रही। हालांकि, अगस्त, 2024 में क्षेत्र का उत्पादन 4.3 फीसदी घटा था। सूचकांक में तीन चौथाई से अधिक योगदान देने वाले विनिर्माण क्षेत्र में 3.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 1.2 फीसदी बढ़ा था। मूल धातुओं और मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी-ट्रेलर के विनिर्माण में क्रमशः 12.2 फीसदी और 9.8 फीसदी की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के मुताबिक, बिजली क्षेत्र में वृद्धि 4.1 फीसदी रही, जबकि अगस्त, 2024 में 3.7 फीसदी गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचा/निर्माण क्षेत्र में अगस्त में 10.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक वर्ष पहले 2.7 फीसदी की वृद्धि से अधिक है। एजेंसी

